# कार्यालय – वन प्रमंडल पदाधिकारी,
## हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल, वन भवन, हजारीबाग

☎ 06546-222339, Email- dfo.hazaribaghwest@rediffmail.com & dfo-hazaribaghwest@gov.in


पत्रांक : 3359 दिनांक: 11/9/2021

सेवा में,

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
(परियोजना),
विद्युत आपूर्ति अंचल,
हजारीबाग।

विषय:– 33/11 के0 भी0 ग्राम पदमा सबस्टेशन से 33/11 के0वी0 ग्राम नचनवे सबस्टेशन तक निर्माणाधीन 33 के0बी0 लाईन के वन भूमि अपयोजन हेतु वन प्रस्ताव जांच करने के संबंध में।

प्रसंग:– आपका पत्रांक 1001 दिनांक 21.08.2021।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में सूचित करना है कि आपके द्वारा समर्पित अनुपालन प्रतिवेदन प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भुमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची के ज्ञापांक 792 दिनांक 08.07.2021 द्वारा की गई पृच्छा के अनुरूप नहीं है। क्योंकि :–

(1) आपके द्वारा Site specific, Wildlife Management Plan के implementation के संबंध में बचनबद्धता दिया गया है, पर उसके निर्माण एवं उसपर आनेवाले व्यय को वहन करने संबंधित बचनबद्धता नहीं दिया गया है। अतः इस बचनबद्धता को सुधार कर समर्पित करें।

(2) आपके द्वारा overhead transmission line की अनुमति मिलने की स्थिति में maximum sagging point 10.5 मीटर रखने संबंधी बचनबद्धता भी संलग्न नहीं किया गया। कृपया इसे भी संलग्न करना सुनिश्चित किया जाय।

इस कार्य की महता को देखते हुए कृपया इसमें त्वरित कार्रवाई करने की कृपा की जाय। आपके द्वारा समर्पित अनुपालन प्रतिवेदन को मूल रूप में सभी प्रति उपरोक्त वर्णित संशोधन हेतु इस पत्र के साथ संलग्न कर वापस किया जा रहा है।

अनु0–यथोक्त।

आपका विश्वासी

11/9/21

वन प्रमंडल पदाधिकारी
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल



Scanned by TapScanner